दिन– गुरूवार | दिनांक– 05/03/2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 07.30 बजे से। | अवधि– 15 मिनट

---

01. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राज्यसभा चुनाव के लिए आज अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह समेत कई वरिष्ठ नेता नामांकन में हुए शामिल।

02 भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन, प्रदेश महामंत्री शिवेश कुमार, जदयू के रामनाथ ठाकुर, राष्ट्रीय लोक मोर्चा के प्रमुख उपेंद्र कुशवाहा और राजद के अमरेंद्र धारी सिंह ने भी राज्यसभा चुनाव के लिए किया नामांकन।

03. नेपाल में नई संसद के लिए चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न। भारत–नेपाल सीमा आज मध्य रात्रि से खोल दी जायेंगी।

04. और, आईसीसी टी–ट्वेंटी क्रिकेट विश्व कप का दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला आज भारत और इंग्लैंड के बीच मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेला जा रहा है।

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राज्यसभा चुनाव के लिए आज अपना नामांकन पत्र दाखिल कर दिया है। श्री कुमार ने बिहार विधानसभा कार्यालय में नामांकन किया।

–––बाइट–––

इस दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन, केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह और जीतनराम मांझी, उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी तथा विजय कुमार सिन्हा सहित अन्य वरिष्ठ नेता मौजूद थे। इससे पहले, मुख्यमंत्री ने आज सुबह सोशल मीडिया सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि बिहार विधानसभा के दोनों सदनों के साथ लोकसभा का सदस्य बनने के बाद उच्च सदन में जाने की उनकी हमेशा से इच्छा थी। इसी क्रम में वे राज्यसभा जा रहे हैं। उन्होंने राज्य की जनता को विश्वास दिलाया कि उनका संबंध भविष्य में भी बना रहेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश की नई सरकार को उनका पूरा सहयोग और मार्गदर्शन मिलेगा।

---

इस बीच, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन और प्रदेश महामंत्री शिवेश कुमार ने भी आज राज्यसभा के लिए अपना पर्चा दाखिल किया। नितिन नवीन ने नामांकन के बाद सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि पटना के बांकीपुर की जनता के साथ उनका आत्मीय संबंध आगे भी बना रहेगा। श्री नवीन ने भरोसा दिलाया कि सभी मिलकर विकसित बिहार के संकल्प को साकार करेंगे। वहीं, जदयू के रामनाथ ठाकुर और राष्ट्रीय लोक मोर्चा के प्रमुख उपेन्द्र कुशवाहा भी अपना नामांकन किया। महागठबंधन प्रत्याशी की ओर से राजद के अमरेंद्र धारी सिंह ने अपना नामांकन दाखिल किया। बिहार की पांच सीटों पर हो रहे राज्यसभा चुनाव के लिए नामांकन पत्रों की जांच कल की जाएगी। उम्मीदवार नौ मार्च तक अपना नाम वापस ले सकते हैं। इन सीटों के लिए मतदान सोलह मार्च को होगा और परिणाम उसी दिन घोषित होंगे।

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की ओर से राज्यसभा के लिए नामांकन करने पर भाजपा और जदयू समेत विभिन्न दलों के नेताओं ने उन्हें बधाई दी है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि यह उनका निजी फैसला है। श्री शाह ने कहा कि नीतीश कुमार को बिहार में पिछले बीस वर्षों के ऐतिहासिक कार्य के लिए हमेशा याद रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के तौर पर इतने लंबे समय तक राज करने के बावजूद उनपर भ्रष्टाचार के कोई आरोप नहीं लगा।

———बाइट———

उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने विश्वास जताया कि नीतीश कुमार के अनुभव और नेतृत्व से राज्यसभा की गरिमा और भी सुदृढ़ होगी। वहीं, उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के सुशासन की मजबूत परंपरा और बिहार के विकास के प्रति निरंतर समर्पण पूरे देश के लिए प्रेरणा का स्रोत है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने मुख्यमंत्री को बधाई देते हुए कहा कि उनके व्यापक अनुभव, संतुलित दृष्टि और जनहितकारी विचारों से राज्यसभा की गरिमा को नई दिशा मिलेगी।

---

जदयू के वरिष्ठ नेता के. सी. त्यागी ने कहा कि नीतीश युग का कभी अंत नहीं हो सकता। श्री त्यागी ने कहा कि नीतीश कुमार ने नया बिहार बनाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के राज्यसभा जाने से संसद के उच्च सदन की गरिमा बढ़ेगी और बहस का स्तर भी ऊंचा होगा।

———बाइट———

---

लोक जनशक्ति पार्टी–रामविलास के अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने एक साहसिक और दूरदर्शी फैसला किया है। श्री पासवान ने कहा कि उनके लंबे अनुभव और नेतृत्व का लाभ अब देश के उच्च सदन को भी मिलेगा।

---

राष्ट्रीय लोक मोर्चा के अध्यक्ष उपेन्द्र कुशवाहा ने राज्यसभा चुनाव के लिए नामांकन के बाद कहा कि चुनाव में एनडीए की जीत होगी। श्री कुशवाहा ने कहा कि बिहार से सभी पांच सीटों पर एनडीए उम्मीदवार विजयी होंगे।

———बाइट———

---

राजद नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के राज्यसभा चुनाव के लिए नामांकन पर कहा कि यह पहले से ही तय था। श्री यादव ने कहा कि उन्होंने शुरूआत में ही कहा था कि चुनाव के बाद नीतीश कुमार को भाजपा मुख्यमंत्री के पद पर रहने नहीं देगी।

———बाइट———

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के राज्यसभा के लिए नामांकन किये जाने पर बिहार कांग्रेस की ओर से भी प्रतिक्रिया सामने आई है। पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री भाजपा के रणनीति में फंस गये हैं।

---

पिछले दो दशक से बिहार की सत्ता की धुरी बने रहे नीतीश कुमार ने वर्ष दो हजार में पहली बार मुख्यमंत्री बनने से लेकर वर्तमान राज्यसभा चुनाव के नामांकन तक कई कीर्तिमान गढ़े हैं। उन्होंने अपने कार्यकाल में विकास को प्राथमिकता देते हुए महिला आरक्षण और शराबबंदी जैसे अहम फैसले किये। एक रिपोर्ट...

———रिपोर्ट———

नीतीश कुमार साल 2005 से लगातार बिहार में सत्ता का पर्याय बने हुए हैं। नीतीश कुमार पहली बार 3 मार्च 2000 को मुख्यमंत्री बने थे, लेकिन बहुमत नहीं होने पर 7 दिन में ही उन्हें इस्तीफा देना पड़ा था। इसके बाद 24 नवंबर 2005 से 25 नवंबर, 2010 तक नीतीश कुमार ने भाजपा के साथ मिलकर सरकार चलाई। साल 2014–15 में कुछ महीनों के लिए उन्होंने अपनी पार्टी से जीतन राम मांझी को बिहार का मुख्यमंत्री बनाया था। वहीं, नीतीश कुमार ने दो बार अल्प समय के लिए राजद के साथ भी सरकार का नेतृत्व किया था। उन्होंने

2025 में 10वीं बार बिहार के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। सुशासन बाबू के नाम से मशहूर नीतीश कुमार ने अपने कार्यकाल के दौरान बिहार को विकसित राज्य बनाने की दिशा में कई महत्त्वपूर्ण कार्य किए। उन्होंने महिलाओं को अभूतपूर्व अधिकार और सम्मान दिया है। पंचायत से लेकर नगर निकाय, उच्च शिक्षण संस्थानों और सभी सरकारी नौकरियों में महिलाओं को आरक्षण दिया है। जीविका समूहों के माध्यम से 1 करोड़ से अधिक महिलाएँ आत्मनिर्भर बनीं हैं। मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत स्वरोजगार के लिए महिलाओं को दो लाख तक की आर्थिक सहायता का प्रावधान किया गया है। मुख्यमंत्री ने राज्य में सात निश्चय–2 के तहत 2020–25 के बीच 50 लाख से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरी और रोजगार के अवसर प्रदान किए। समाचार कक्ष से मैं सत्यम कुमार।

———————————————

नेपाल में आज कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच आम चुनाव संपन्न हो गया। मधुबनी के जयनगर से सटे नेपाल के सिरहा जिला में शांतिपूर्ण तरीके से चुनाव संपन्न कराया गया। सभी मतदान केंद्रों पर नेपाली सेना, नेपाली सशस्त्र बल और पुलिस जवानों को तैनात किया गया था। चुनाव में मुख्य मुकाबला नेपाली कांग्रेस और जेन–जी आंदोलन से उभरे राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के बीच है। इधर, नेपाल चुनाव संपन्न होने के बाद भारत नेपाल सीमा आज मध्य रात्रि से खोल दी जायेंगी।

———————————————

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने आज नई दिल्ली में चार डिजिटल उपकरणों का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने वर्ष दो हजार सैंतालीस की जनगणना के लिए महिलाओं और पुरुषों के प्रतीक शुभंकर – **प्रगति और विकास** का औपचारिक अनावरण किया। गृह मंत्रालय ने कहा कि उन्नत कंप्यूटिंग विकास केंद्र ने देश भर में गणना कार्यों को सुगम बनाने के लिए यह उन्नत डिजिटल प्लेटफॉर्म विकसित किए हैं।

———————————————

केंद्र सरकार ने कहा है कि खाड़ी देशों में तनाव के बीच भारत में ऊर्जा सुरक्षा की बहुत अच्छी स्थिति है। सरकार ने कहा है कि एलपीजी, एलएनजी या क्रूड ऑयल की कोई कमी नहीं है। भारत दूसरे सप्लायर्स के भी संपर्क में है। ऑस्ट्रेलिया और कनाडा ने भी भारत को गैस बेचने का ऑफर दिया है। भारत क्रूड और एलपीजी खरीदने के लिए बड़े ऑयल प्रोड्यूसर्स और ट्रेडर्स से भी बात कर रहा है।

———————————————

आईसीसी टी–ट्वेंटी क्रिकेट विश्व कप का दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला आज भारत और इंग्लैंड के बीच मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेला जा रहा है। इंग्लैंड ने पहले टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया है। ताजा समाचार मिलने तक भारत ने आठ ओवर में एक विकेट के नुकसान पर बानवे रन बना लिये हैं। इस मैच की विजेता

टीम आठ मार्च को गुजरात के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में होने वाले फाइनल में न्यूजीलैंड से खिताबी मुकाबले के लिए खेलेगी।

---

मधुबनी जिले के फुलपरास थाना क्षेत्र अंतर्गत एनएच – सत्ताईस के परसा चौक के पास दो वाहनों की टक्कर में एक महिला सहित पांच लोगों की मौत हो गई। गंभीर रूप से घायल दो अन्य लोगों को इलाज के लिए डीएमसीएच दरभंगा भर्ती कराया गया है। इधर, सुपौल जिले के ललितग्राम थाना क्षेत्र के एनएच–सत्ताईस पर तेज रफ्तार मोटरसाईकिल के सड़क किनारे रेलिंग से टकराने से दो युवकों की मौत हो गई।

---

मुजफ्फरपुर के मिठनपुरा क्षेत्र में आपसी विवाद में हुई मारपीट और पुलिस टीम पर हमला के मामले में पुलिस ने पांच उपद्रवियों को गिरफ्तार किया है।

---

शेखपुरा जिले के अरियरी थाना क्षेत्र के फरपर गांव में दो पक्षों के बीच हुई हिंसक झड़प में बारह लोग घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

---

सीवान के पुलिस अधीक्षक पूरन कुमार झा ने मैरवा थाना हाजत से एक आरोपी के फरार होने के मामले में पुलिस अवर निरीक्षक अवधेश कुमार और दो चौकीदारों को निलंबित कर दिया है।

---

नालंदा जिले के नूरसराय थाना क्षेत्र के पांडेपुर गांव में अवैध शराब के विरूद्ध छापेमारी करने गयी उत्पाद विभाग की टीम पर फायरिंग के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को हिरासत में लिया है।

---

भागलपुर जिले के सबौर थाना क्षेत्र के लैलख गांव के कुछ घरों में आग लगने से भारी नुकसान हुआ है।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर...........

01. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राज्यसभा चुनाव के लिए आज अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह समेत कई वरिष्ठ नेता नामांकन में हुए शामिल।

02 भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन, प्रदेश महामंत्री शिवेश कुमार, जदयू के रामनाथ ठाकुर, राष्ट्रीय लोक मोर्चा के प्रमुख उपेंद्र कुशवाहा और राजद के अमरेंद्र धारी सिंह ने भी राज्यसभा चुनाव के लिए किया नामांकन।

03. नेपाल में नई संसद के लिए चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न। भारत–नेपाल सीमा आज मध्य रात्रि से खोल दी जायेंगी।

04. और, आईसीसी टी–ट्वेंटी क्रिकेट विश्व कप का दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला आज भारत और इंग्लैंड के बीच मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेला जा रहा है।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।